हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 29 जुलाई, 2025

11 बिछवान पार्क में गूंजी तीज की धूम, सांस्कृतिक ...



12 200 मीटर दौड़ में यश व योगिता और 400 मीटर...







वर्धमान ज्वैलर्स
सोने व चांदी के आधुनिक आभूषणों का विश्वसनीय प्रतिष्ठान
ब्रांच : नज़दीक के एम स्कूल, हांसी गेट ✆ 9215657444 शोरूम : घंटाघर बाजार ✆ 9215656444





सचिन जैन
संचालक


## खबर संक्षेप

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन

**चरखी दादरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से 18 वर्ष तक को वर्ष 2026 के जनवरी में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

### परीक्षा के आवेदन का आज अंतिम दिन

**चरखी दादरी।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026 के लिए आज आवेदन का अंतिम दिन है। ऑनलाइन आवेदन पत्र 29 जुलाई को रात 12 बजे तक ही भरा जा सकता है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि जिला के सरकारी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा पांचवीं में अध्यनरत ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच जन्म लिया हो, वे आवेदन के पात्र हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है।

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि 29 जुलाई को जिला कष्ट निवारण एवं परिवेदना समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक 11 बजे लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित सभागार में आयोजित होगी। बैठक में कृषिमंत्री के समक्ष 19 शिकायतें रखी जाएंगी, जिनमें 8 लंबित व 11 नई शिकायतें शामिल हैं।

### सांसद 2 अगस्त को सुनेंगे जनसमस्याएं

**भिवानी।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौ. धर्मबीर सिंह 2 अगस्त को स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में जनसमस्याएं सुनेंगे। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव पंकज कौशिक ने दी। उन्होंने बताया कि सांसद धर्मबीर सिंह जनसमस्याएं सुनने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरान एक बैठक का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें हाल ही में हुए जलभराव के कारण गांवों और शहरों में हुए नुकसान तथा आमजन को हुई परेशानियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। स्वच्छता अभियान को लेकर भी बात होगी।

## सीईटी के बाद एचटेट की तैयारी: हाईटेक कंमाड एंड कंट्रोल सेंटर से प्रत्येक केन्द्र पर रखी जाएगी पैनी नजर

# 673 परीक्षा केंद्रों पर चार लाख से अधिक भावी शिक्षक देंगे परीक्षा, 220 उड़नदस्ते होंगे नियुक्त

■ परीक्षा केंद्रों के आस-पास पुलिस द्वारा पूरी तरह से सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

30 व 31 जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के नकल-विहीन व सुव्यवस्थित संचालन के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा पुख्ता प्रबन्ध कर लिए गए हैं। बोर्ड के अधिकारी/कर्मचारी पूर्ण ईमानदारी व कर्त्तव्यपरायणता से कार्य करें। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने बोर्ड मुख्यालय पर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को एचटेट परीक्षा के सुसंचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा उडऩदस्तों को कर्त्तव्य व उत्तरदायित्व की जानकारी दी।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर शांति, सुरक्षा एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा बोर्ड द्वारा पुख्ता प्रबन्ध किए गए हैं। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले सभी उम्मीदवारों की मेटल डिटेक्टर के माध्यम से फ्रिस्किंग होगी और बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या असामाजिक गतिविधियों से बचने के लिए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित हाईटैक कंमाड एंड कंट्रोल सैन्टर से परीक्षा केंद्रों की लाइव निगरानी की जाएगी। जिसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एक आई) सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया जाएगा ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत पता लगाया जा सके। परीक्षा केंद्रों के आस-पास पुलिस द्वारा पूरी तरह से सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

बोर्ड उपाध्यक्ष ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे परीक्षा के दौरान अपना पहचान-पत्र पहनना सुनिश्चित करें तथा बोर्ड द्वारा जारी किए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें और परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए हर संभव प्रयास करें। अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी और निष्पक्षता से निभाएं ताकि परीक्षा सुचारू रूप से आयोजित हो सके।



भिवानी। शिक्षा बोर्ड परिसर में अधिकारियों को एचटेट की परीक्षा को लेकर दिशा निर्देश देते हुए।

### परीक्षा केंद्र पर ऑब्जर्वर रखेंगे नजर

बोर्ड सचिव ने कर्मचारी/अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्रों की निरीक्षण व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया है। नकल व अन्य अनियमितताओं पर सख्ती से रोक लगाने के लिए लगभग 220 प्रभावशाली उडऩदस्तों की नियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त प्रदेशभर में प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पूर्ण समय के लिए ऑब्जर्वर भी नियुक्त किए गए हैं, जिसमें जिला प्रशासन का एक अधिकारी तथा शिक्षा बोर्ड का एक अधिकारी/कर्मचारी प्रतिनिधि के तौर पर शामिल है। उन्होंने आगे स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई अभ्यर्थी या अधिकारी/कर्मचारी किसी प्रकार की धोखाधड़ी, गड़बड़ी या अपराध में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी अधिकारी/कर्मचारी की लापरवाही या अविवेकपूर्ण आचरण को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा 30 को

ज्ञात रहे कि इस परीक्षा में प्रदेश भर में 4 लाख से अधिक अभ्यर्थी 673 परीक्षा केन्द्रों पर प्रविष्ट होंगे। लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा 30 जुलाई (बुधवार) को सांय 3:00 बजे से 5:30 बजे तक संचालित होगी। लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा 31 जुलाई (वीरवार) को प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक संचालित होगी। इसी दिन यानि 31 जुलाई (वीरवार) को सांय 3:00 बजे से 5:30 बजे तक लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा संचालित होगी। बोर्ड के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे तैयारी अच्छे से करें और निर्धारित समय और स्थान पर पहुंचे। बोर्ड परीक्षा के आयोजन के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और इसे पूरी तरह से निष्पक्ष, सुरक्षित और पारदर्शी रूप से आयोजित करने का वचन देता है।

## दादरी में 17 केंद्रों पर 30 व 31 को होगी अध्यापक पात्रता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से बुधवार 30 जुलाई और वीरवार 31 जुलाई को एचटेट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के लिए जिला के 14 स्कूलों में 17 केंद्र बनाए गए हैं। तैयारियों को लेकर उपायुक्त मुनीश शर्मा ने जिला प्रशासन और बोर्ड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठ की। उन्होंने कहा कि हाल ही संपन्न सीईटी परीक्षा के अनुभव को अपनाते हुए एचटेट परीक्षा के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित कर लें। किसी भी हाल में कहीं पर भी कोई चुक ना रहे। जिन अधिकारियों जिम्मेदारियों सौंपी गई हैं, वे तुरंत उसको लेकर तैयारी कर लें। अपने स्तर पर स्थानों पर जाकर जांच कर लें।



### 14 शिक्षण संस्थानों में बनाए सेंटर

उपायुक्त ने बताया कि कहा कि जिला में आयोजित की जाने वाली यह परीक्षा भी शांतिपूर्ण संपन्न हो। एचटेट परीक्षा को लेकर जिला के 14 शिक्षण संस्थानों में कुल 17 सेंटर बनाए गए हैं। इनमें आर्दश पब्लिक स्कूल, एपीजे सरस्वती पीजी कालेज, आर्यन मॉडल स्कूल, सीबीएस मैमोरियल स्कूल मोडी, गीतांजलि स्कूल, ग्रीन मिडोज स्कूल, केएन स्कूल, परसराम हेतराम स्कूल, आरईडी स्कूल, मॉडल संस्कृति स्कूल और पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक-एक सेंटर बनाया गया है। बेस मॉडल स्कूल, जनता कालेज और आरपीएस स्कूल में दो दो सेंटर बनाए गए हैं।

जिला में स्थापित किए गए परीक्षा केंद्रों पर दोनों दिनों में तीन सत्रों के दौरान कुल 10 हजार 192 अभ्यार्थियों के लिए एचटेट परीक्षा करवाई जाएगी। पहले दिन 30 जुलाई को केवल सांय के सत्र में परीक्षा होगी और इसके लिए कुल 3 हजार 22 अभ्यार्थी बैठेंगे। इसी प्रकार 31 जुलाई को सुबह के सत्र में 5 हजार 201 और शाम के सत्र में 1 हजार 969 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे।

■ पहले दिन 30 जुलाई को केवल सायं के सत्र में परीक्षा होगी और इसके लिए कुल 3 हजार 22 अभ्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे।
■ 31 जुलाई को सुबह के सत्र में 5 हजार 201 और शाम के सत्र में 1 हजार 969 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे।
■ बेस मॉडल स्कूल, जनता कालेज और आरपीएस स्कूल में दो दो सेंटर बनाए गए हैं

## एटीएम कार्ड बदलकर राशि निकालने का आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पुलिस टीम के द्वारा आरोपी को एक दिन की पुलिस रिमांड पर हासिल कर 20,000 रुपये किए बरामद। एवीटी स्टाफ ईशरवाल ने शहर भिवानी में एटीएम में कार्ड बदलकर धोखे से रुपए चोरी करने के मामले में आरोपी को तोशाम से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शहर भिवानी निवासी महिला ने थाना शहर पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को बतलाया कि दो जून को घंटाघर चौक भिवानी के पीएनबी बैंक के एटीएम से रुपए निकालने के लिए गई थी जहां पर अनजान व्यक्ति के द्वारा एटीएम मशीन से रुपए निकालने में मदद करने के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल दिया था और आरोपी के द्वारा तीन जून को 95,000 रुपए की राशि निकाल ली गई थी। इसी अभियोग में एवीटी स्टाफ ईशरवाल के मुख्य सिपाही तेजपाल ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करके रुपए चोरी करने के मामले में आरोपी हो तोशाम से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान लक्ष्मण पुत्र दलबीर निवासी नारनौंद जिला हिसार के रूप में हुई है।



## दुबई में गूंजेगी भारतीय संस्कृति की यशगाथा, विदेश जाएंगे अधिवक्ता



**भिवानी।** भिवानी के अधिवक्ता मुकेश गुलिया के नेतृत्व में उनके साथियों का दल एक से 6 अगस्त तक दुबई की यात्रा पर रवाना होगा, ये अधिवक्ता मुकेश गुलिया की 21वीं विदेश यात्रा होगी, जो न केवल उनके लिए नए अनुभवों का द्वार खोलेगी, बल्कि भारत की गौरवमयी संस्कृति को भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करेगी। अधिवक्ता मुकेश गुलिया ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य दुबई की समृद्ध संस्कृति और आधुनिकता को करीब से जानना है, लेकिन यह यात्रा केवल एक तरफा नहीं होगी, बल्कि वे वहां के लोगों के साथ भारत की गौरवमयी संस्कृति, रीति-रिवाजों और परंपराओं को भी सांझा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में सहायक होगा। दुबई में भारत का कॉन्सुलेट जनरल सतीश कुमार सिवन से भी मुलाकात करेंगे। सावन माह के अंतिम सोमवार को वे दुबई के जोबेलअल में स्थित भगवान शिव के मंदिर में शिवलिंग पर गंगाजल से अभिषेक करेंगे। यह न केवल उनकी धार्मिक आस्था का प्रतीक होगा, बल्कि विदेशों में भारतीय त्योहारों और रीति-रिवाजों को मनाने का एक अनूठा उदाहरण भी प्रस्तुत करेगा।

## थोड़ी सी बारिश से पानी-पानी हुआ शहर

■ बारिश के पानी से ही होकर लोगों को गंत्तव्य तक जाना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी/ चरखी दादरी





एक सप्ताह बारिश पर ब्रेक के बाद सोमवार को हलकी बारिश ने फिर से प्रशासन की पोल खोल दी। हालांकि ज्यादा देर तक बारिश नहीं बरसी,लेकिन थोड़े समय आई बारिश ने ही शहर के ढलान वाले इलाकों को पानी-पानी कर दिया। सफाई न होने से नालियां उफान पर रही और नाले ओवरफलो होकर बहे। पानी सड़क व गलियों में बह चला। तंग गलियों ने नाले का ही रूप ले लिया। जिससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

बारिश के पानी से ही होकर लोगों को गंत्तव्य तक जाना पड़ा। दूसरी तरफ हलकी बारिश से ही पारा दो डिग्री सेल्सियस नीचे लूढक आया। जिस वजह लोगों को गर्मी से छुटकारा मिला। सोमवार दोपहर तक जबरदस्त गर्मी की वजह से लोग खासे परेशान रहे। उमस ने लोगों का खूब पसीना निकाला। करीब एक बजे तक गर्मी का इसी तरह का हाल रहा। उसके बाद पूर्व की तरफ बादलवाई शुरू हुई। धीमी गति से हवा चली और हलकी फुव्वारों ने पारे को नकले डालनी आरंभ कर दी। करीब सवा एक बजे के आसपास आसमान से हलकी फुव्वारें गिरनी शुरू हुई। कुछ देर बाद तेज बारिश होनी आरंभ हो गई। करीब 15 मिनट तक बारिश हुई। कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। नाली व नालों की सफाई न होने से बारिश का पानी से नालियां ओवरफलो होकर बने लगी। नालियों का पानी गलियों व सड़कों पर फैल गया। इसी तरह नाले में ज्यादा शिल्ट की वजह से ओवर फलों हो गए। पानी गलियों से बह कर ढलान वाले इलाके में जमा हो गया। शिवनगर कॉलोनी में कई जगहों पर आधा से पौना फुट तक बारिश का पानी जमा हुआ। जिससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। दोपहर बाद हुई हलकी बारिश की वजह से पारा दो डिग्री सेल्सियस नीचे लूढक गया। आज दोपहर से पहले पारा 36 डिग्री सेल्सियस तक था,लेकिन हलकी बारिश के बाद पारा 34 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हलकी बारिश के बाद लोगों को गर्मी व उमस से छुटकारा मिल गया। क्योंकि पिछले कई दिनों से गर्मी व उमस से लोग बेहाल थे।

## जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करवाने का कर रहे हैं विरोध

# अधिकारियों व कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगा किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने आदेश के विरोध में सोमवार को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओ में कार्यरत तमाम अधिकारियों, चिकित्सकों , नर्सिंग तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रकट किया। स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी के द्वारा जारी संयुक्त ब्यान में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्ष शर्मिला देवी, जिला ,हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिज एसोसिएशन के डा. आशिष , डा. श्योरायण , डा. राकेश, फार्मेसी एसो. के अनिल झावरी, संजय, कुलदीप, नर्सिंग एसो. से सरला देवी, अनिता, उर्मिल देवी, एसो. के रविंद्र धोनी,महिपाल, क्लेरिकल एसो. से जितेन्द्र, स्टेना एसो. के संदीप सिंह व बाज सिंह, लैब टैक्नीशियन एसो. की सुमित्रा उर्मिनल व वैशाली ने बताया कि जिस तरह से जिला के तमाम अधिकारियों, चिकित्सकों, नर्सिंग तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने एकजुट होकर काले बिल्ले लगाकर जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति के गैर कानूनी आदेशो को नकार दिया है, उससे सरकार को उक्त गैर कानूनी आदेश पर पुनर्विचार करते हुए तुरन्त प्रभाव से निरस्त करना चाहिये। तालमेल कमेटी के नेताओं ने बताया कि यदि 3 अगस्त तक जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के उक्त आदेश को निरस्त नहीं किया गया तो 4 अगस्त को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक सभी अस्पताल , स्वास्थ्य केन्द्र तथा कार्यालयों में एक घण्टे कार्य का बहिष्कार करेगे और जिला मुख्यालय पर स्थित सिविल सर्जन के कार्यालय पर गेट मीटिंग करके सिविल सर्जन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भी देगे।



**भिवानी।** मांग पूरी न होने का विरोध जताते हुए।

### 10 अगस्त को हो सकता है आंदोलन का ऐलान

उन्होंने सरकार सरकार को आगाह किया कि यदि इसके बावजूद भी जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति दर्ज करने के आदेशो को वापिस नहीं लिया गया तो 10 अगस्त को तालमेल कमेटी के राज्य स्तरीय पदाधिकारी पुन मीटिंग करके अगले आंदोलन का ऐलान करेगे। गत 8 जुलाई को स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी के नेताओं ने राज्य की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन की प्रति स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को भी उनके कार्यालय मे पहुँच कर सौपी गई थी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी के पदाधिकारियों को भरोसा दिया कि अधिकारियों से इस संबंध में बातचीत करके समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

## खाद लेने के लिए पहुंचे किसान पुलिस सुरक्षा में बांटी डीएपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

रबी सीजन की फसल बिजाई से एक माह पहले ही डीएपी लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ उपमंडल के सहकारी केन्द्र पर पहुंच गई जिनको संभालने के लिए पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा।

डीएपी बिक्री शुरु करते ही सुबह से ही इंतजार में बैठे पुरुष व महिला किसानों में पहले पाने की होड़ शुरु गई। भारी भीड़ के सामने सहकारी विभाग के अधिकारियों के होश फाता हो गए तथा एक दर्जन पुलिस कर्मी व कृषि विभाग, प्रशासनिक अधिकारियों ने मोर्चा संभाला तथा भीड़ को संभाल कर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसानों को लाईन लगाकर खाद वितरण करवाई गई। सहकारिता विभाग के कस्बे के लोहारु रोड स्थित खाद वितरण केन्द्र पर शुक्रवार को डीएपी की आपूर्ति होने के बाद खाद बिक्री होने का समाचार मिलते ही क्षेत्र के पुरुष व महिला किसान पहुंच गए और पहले खाद का टोकन लेने के लिए अड़ गए। सहकारी केन्द्र पर पच्चास गांवों के किसानों के लिए मात्र एक बैग आने से हालात खराब हो गए।



हरिभूमि
सहेली



विशेष : मित्रता दिवस 3 अगस्त

सावन में सहेलियों का साथ एक अलग तरह की खुशी देता है। सहेलियां मिलेंगी तो पुरानी यादों का झरोखा भी खुलेगा, ठंडी हवा की तरह तन-मन को पुलकित करेगा। सहेलियों का मिलते रहना बहुत जरूरी है, यह जीवन की नीरसता को छांटता है, भीतर उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है। एक तो सावन, ऊपर से मित्रता दिवस का अवसर हो तो अपने मैत्री भाव की पेंगे जरूर भरिए।

# सहेलियों का ना बिसरने वाला मैत्री भाव

आवरण कथा
मोनिका शर्मा

सावन की रिमझिम में हर स्त्री का मन अपनी सखियों को याद करता है। इस हरियल मौसम में उनका दिल उम्र के कुछ पड़ाव पीछे चला जाता है। आज की आपा-धापी में सखियों संग खिलखिलाती कल के दौर की एक लड़की स्त्रीमन में दस्तक देती है। भूला-सा कुछ स्मरण हो आता है। स्नेह के सरस भाव से बंधी डोर कुछ प्यारे लम्हों को दिलो-दिमाग में बांध लेती है। अनुभूतियां ठहर-सी जाती हैं। जो संग-साथ के अनमोल पलों को याद करने की ओर मोड़ती हैं। साथ ही यह भी याद दिलाती हैं कि जीवन के हर दौर में सहेलियों का साथ जरूरी है। अपने करीबी रिश्तों-नातों से परे मन से जुड़ने वाले चेहरों संग प्रेमिल भावों को पोसने की सोच हमेशा रखनी चाहिए। ऐसे भाव जीवन से जोड़ते हैं और सदा जोड़े रखते हैं।

## स्मृतियों का सुख

असल में स्मृतियों का अपना सुख है। सहेलियों के साथ बीते समय का अपना आनंद है। यादों में दस्तक देती दोस्ती, चेहरे पर मुस्कुराहट ले आती है। आंखों में एक स्नेहपूरित चमक उतरने लगती है। मुस्कुराहटों के साझेपन का उल्लास सावन में झरती बूंदों सा आंखों से बहने लगता है। साथ झूला झूलने वाली सहेलियां, तीज-त्योहार साथ मनाने वाली सखियां भी याद



आती हैं। सहपाठी सहेलियों के साथ जीए आत्मीय पल और बचपन की खिलखिलाहट फिर लौट आती है। आखिर जीवन के सबसे प्यारे पड़ाव पर एक दूजे को चिढ़ाना और शरारतें करना, अपना मन कैसे भूल सकता है? मायके की यादों वाली पोटली में एक हिस्सा तो सहेलियों का ही होता है। औपचारिकताओं से परे यह सुख आत्मा की गहराई से जुड़ा



होता है। तभी तो संजीवनी बन हमेशा मन को पोषण देता स्त्रियों का मैत्री भाव, पारिवारिक संबंधों से भी बढ़कर होता है। दुनियावी रीत निभाते हुए सखियों के रास्ते अलग हो जाते हैं। घर-बार बसाने के लिए सबकी अपनी-अपनी राह होती है। शहर क्या देश तक बदल जाते हैं। हां, वे मित्रता की अनमोल निधि को अपने साथ लाना नहीं भूलतीं। नए संसार में कभी ना रीतने वाले इसी खजाने से निकले खुशियों के पल उनके सहभागी होते हैं।

## समाज से जुड़ा सखी भाव

स्त्रियों की संवेदनाएं स्वयं तक ही सिमटकर नहीं रहतीं। अपनी सखियों संग बना निश्छल नेह के नाते का यह जुड़ाव व्यक्तिगत चाहतों से ही नहीं, समाज-परिवार के दायित्वों से भी जुड़ा होता है। मेलजोल के समय उनकी बातों में परिवेश की चिंता भी होती है। कई स्त्रियां तो समाज की साझी समस्या का हल तलाशने के दौर में ही सहेली बनती हैं। उनका मन ही नहीं, विचार भी मिलते हैं। तर्क से ज्यादा भावनाओं के धरातल पर जीवन जीना हर स्त्री का नैसर्गिक गुण होता है। बस, मन जुड़ गया तो जुड़ गया। मित्रता के मार्ग में महिलाओं का मन नाप-तौल कर डग नहीं भरता। खुशी, उत्साह और उमंग समेटने का भाव सबसे ऊपर होता है। एक-दूजे के जज्बातों को समझना सबसे अहम होता है। शिकायतों के पुलिंदे भी अधिकार से खोले जाते हैं। स्त्रियों की दोस्ती के इंद्रधनुष में इंसानी जीवन का सतरंगी अंदाज पूरी ठसक से मौजूद रहता है।

## तकनीकी से जुड़ते मन के तार

आभासी संसार ने पीछे छूटी अनुभूतियों से जोड़ने का काम किया है। तकनीकी मंचों पर अपनी खोई सखियों को ढूंढकर स्त्रियां बच्चों सी खिलखिलाती हैं। मानो खुद से ही फिर मुलाकात हुई हो। स्थिर से हो चले जीवन में एक हलचल सी महसूस होती है। भाव-विभोर हो अपने बच्चों, अपनी सखियों की तस्वीरें दिखाती हैं। समय के साथ बदलावों को लेकर कभी हैरान होती हैं तो कभी संयत हो जीवन के उतार-चढ़ाव के विषय में सोचने लगती हैं। जैसे मुड़कर देखती हों, ठहर कर सोचती हों। भूला-बिसरा सा फिर कुछ समेट लेना चाहती हों। उस दौर की बेरोक-टोक सी उजली हंसी अपने पल्लू की गांठ



में बांध लेना चाहती हों। उसी आंगन में जाकर चहकना चाहती हों, जहां उनका बचपन बीता। बचपन, जिसका सबसे अहम हिस्सा तो सहेलियों के संग जिए लम्हे ही रहे। कितने सावन और वसंत इस यात्रा का हिस्सा रहे। वर्षों बाद आभासी संसार में जुड़ने भर से यह लगाव-चाव मन पर मौसम की घटाओं की तरह छाने लगता है। यह हमें आह्लादित कर देता है।

# बच्चों के लिए भी जरूरी है दोस्ती



बच्चे हों या बड़े, हर किसी के जीवन में दोस्त बहुत मायने रखते हैं, दोस्ती का बहुत महत्व होता है। दोस्त बनाने की कला, उनकी महत्ता को समझने और पूरी गंभीरता से दोस्ती निभाने का पाठ बच्चे अपने घर-परिवार से ही सीखते हैं। इसलिए सभी पैरेंट्स को इस बारे में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

परवरिश
सरस्वती रमेश

यह सही है कि बड़ों से अलग बच्चों की अपनी मासूम और प्यारी सी दुनिया होती है। इसमें घर-परिवार के सदस्यों के अलावा स्कूल में उनके संग पढ़ने वाले और आस-पड़ोस के दूसरे बच्चे भी शामिल होते हैं। यही उनके दोस्त बनते हैं, जिनके साथ वे खेलते हैं, खाते हैं, पढ़ते हैं, मस्ती करते हैं। कभी-कभी एक-दूसरे से रूठ जाते हैं फिर मनाते भी हैं। बच्चों की ये दोस्ती बहुत प्यारी होती है। बच्चे दोस्ती के मूल्य को समझें और उसे भावी जीवन में अच्छी तरह निभाएं, इसके लिए शुरुआत से ही पैरेंट्स को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**बच्चे की भावनाओं को समझें:** कई पैरेंट्स बच्चों की दोस्ती की भावना को लेकर गंभीर नहीं होते हैं। इससे उनके कोमल मन को चोट लग सकती है। जैसा राजू के साथ हुआ। दरअसल, राजू और सोनू बेस्ट फ्रेंड हैं। सोनू की बर्थ-डे पार्टी में जाने के लिए राजू कई दिनों से बहुत उत्साहित था। सोनू का घर राजू के घर से कुछ दूरी पर है, इसलिए वह अकेला नहीं जा सकता था। सोनू के बर्थ-डे पार्टी वाले दिन राजू ने अपनी मम्मी से सोनू के घर पहुंचाने के लिए कहा। लेकिन उसकी मम्मी ने मना कर दिया क्योंकि उन्हें पड़ोस में किटी पार्टी में जाना था। अपने बेस्ट फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी में न जा पाने से राजू बहुत उदास हो गया। उसने अपने हाथों से सोनू को गिफ्ट देने के लिए प्यारा सा ग्रीटिंग कार्ड भी बनाया था। यह बात आपको छोटी सी लग सकती है लेकिन समझने वाली बात यह है कि बचपन की ऐसी मासूम दोस्ती से बच्चों का गहरा जुड़ाव होता है। यह जुड़ाव उनके भीतर भावनाओं और आपसी संबंधों के बीज बोता है। ये छोटी-छोटी खुशियां ही उनके मानसिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण की पूंजी होती हैं। उन्हें इन खुशियों से महरूम करना ठीक नहीं। उन्हें दोस्तों के घर आने-जाने दें, उन्हें एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होने दें। इससे आगे चलकर भी वे दोस्ती की महत्ता समझेंगे, उन्हें सामाजिकता का बोध होगा।



**साथ खेलने दें:** बच्चों की सबसे ज्यादा दोस्ती खेलने के दौरान ही होती है। लेकिन कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को हर समय घर के भीतर ही रखते हैं। उन्हें बच्चों के कपड़े, जूते या हाथ गंदे होने और फिर बीमार होने या गलत सोहबत में पड़ने का भय सताता है। यह नहीं भूलना चाहिए कि बच्चे साथ खेलने से परिवार के बाहर के लोगों से आत्मिक व्यवहार करना सीखते हैं। उनके साथ तालमेल बैठाना, बातचीत करना, शेयर करना, हारना-जीतना और छोटे-मोटे विवाद को निपटाना भी बच्चे दोस्तों के संग खेलने के दौरान ही सीखते हैं। ये सब बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी होता है।

**प्यार से समझाएं:** अकसर बच्चे खेलते-खेलते आपस में झगड़ भी पड़ते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चे को दोस्त और दोस्ती के महत्व को प्यार से समझाना चाहिए, उनके बीच फिर से मेल कराने का प्रयास करना चाहिए। पुरानी बातों को याद दिलाकर अपने बच्चे के उस दोस्त की अच्छाइयों को बताना चाहिए। भूलकर भी बच्चों के आपसी विवाद में उनके पैरेंट्स से शिकायत नहीं करनी चाहिए और ना ही उनके घर झगड़ने जाना चाहिए।

**मदद करना भी सिखाएं:** अगर आपका बच्चा आपको बताता है कि उसका कोई दोस्त कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहा है तो पता करने की कोशिश कीजिए कि क्या बात है? हो सकता है वो बीमार हो या उसके घर में कोई परेशानी आ गई हो। संभव हो तो अपने बच्चे के साथ उसके घर जाइए। अगर वो बीमार है तो इसका मतलब है स्कूल में पढ़ाए जाने वाले उसके चैप्टर छूट रहे होंगे। ऐसे में आप अपने बच्चे को प्रेरित करिए कि ठीक होने पर कोर्स पूरा करने में वह अपने दोस्त की जरूर मदद करे। इससे बच्चा समझेगा कि संकट के समय अपने दोस्तों की हर संभव मदद करनी चाहिए।

जब मौका हो फ्रेंडशिप-डे का तो आप अपनी सबसे प्यारी सहेली को कुछ यूनिक और स्पेशल गिफ्ट जरूर देना चाहेंगी। इस बार कुछ ऐसा दें, जो स्टाइलिश हो और आपकी फ्रेंड को स्पेशल भी फील कराए। जानिए, गिफ्ट के कुछ ऐसे ही यूनिक आइडियाज।

# बेस्ट फ्रेंड को दें स्पेशल गिफ्ट

आइडिया
श्वेता आयंगर



उपहार हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम होता है। कई मौकों पर हम उपहार के जरिए ही अपनी भावनाओं को प्रकट कर पाते हैं। तो फिर आने वाले फ्रेंडशिप-डे पर अपनी बेस्ट फ्रेंड से दोस्ती के अनमोल रिश्ते को और भी मजबूत बनाने के लिए आप कुछ खास उपहार देकर इस दिन को यादगार बना सकती हैं। जरूरी नहीं आपका गिफ्ट बहुत कीमती हो, लेकिन उसमें आपकी दोस्ती की फीलिंग झलकनी चाहिए।

**संजोकर दें खूबसूरत यादें:** आप अपनी फ्रेंडशिप पीरियड की यादें जैसे बचपन, स्कूल, कॉलेज, साथ में बिताए पलों से जुड़ी तस्वीरें लेकर उनका सुंदर-सा कोलाज बनाकर या वीडियोज बनाकर अपनी फ्रेंड को तोहफे के रूप में दे सकती हैं। ये यादें आपकी सहेली के लिए बेहद खास होंगी। इसके अलावा पर्सनलाइज्ड फोटो क्लॉक, डिजिटल फोटो फ्रेम, मेमोरी बुक या पिक्टोरियल मग आदि भी दे सकती हैं। हालांकि ये काफी पॉपुलर हैं लेकिन आपकी फ्रेंड को स्पेशल फील कराएंगे।



**हुनर से सजा दें गिफ्ट:** अगर आप थोड़ी क्रिएटिव हैं तो आप अपने हाथों से अपनी सहेली के लिए कार्ड, ब्यूटीफुल बैंड्स, रेजिन आर्ट की-चेन या कोस्टर आदि बनाकर उन्हें दे सकती हैं या अगर आप कुकिंग में एक्सपर्ट हैं तो उसकी पसंद की कोई डिश अपने हाथों से बनाकर खिला सकती हैं। अगर आपको कढ़ाई-बुनाई अच्छी तरह आती है, तो प्यारा सा स्टॉल, स्कार्फ, एक रूमाल का सेट (जिस पर दोस्त के नाम का पहला अक्षर उकेरा हो) भी डिजाइन करके दे सकती हैं। माना यह काफी पुराने तरीके हैं, लेकिन आज भी पसंद किए जाते हैं। क्योंकि इस तरह के तोहफे आपकी दोस्ती के रिश्ते को और प्यारा-अटूट बना देंगे।

**दे सकती हैं एसेसरीज:** फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड को गिफ्ट में एसेसरीज देना भी अच्छा ऑप्शन है। आप अपनी बेस्ट फ्रेंड को कुछ अट्रैक्टिव-स्टाइलिश एसेसरीज गिफ्ट में देना चाहती हैं तो आप कुछ अलग तरह के एसेसरीज को चूज करें। इसमें आप फ्रेंडशिप बैंड्स, ब्रेसलेट, ईयर रिंग्स, लॉकेट, पेंडेंट, बेल्ट, पर्स, बैग्स, हेयर एसेसरीज आदि गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। ये आजकल स्टाइल स्टेटमेंट भी माने जा रहे हैं। इन्हें आपके फ्रेंड्स डेली यूज से लेकर पार्टी जैसे ऑकेजन में भी आसानी से कैरी कर सकते हैं। वहीं इनमें खास बात यह भी है कि इन एसेसरीज की डिजाइन को आप अपने दोस्त की पसंद के अनुसार भी कस्टमाइज करवा सकती हैं। यकीन मानिए, इस तरह के तोहफे आपके फ्रेंड को बहुत पसंद आएंगे।

**प्रेम भरी पाती:** आपके बेस्ट फ्रेंड के लिए सबसे अच्छा उपहार यह भी हो सकता है कि आप उसके लिए अपने मन की बात, कविता, फ्रेंडशिप से जुड़ी यादें, सब कुछ एक लैटर में लिखकर दे सकती हैं। आजकल मार्केट में कई तरह के खूबसूरत वुडेन लेटर होल्डर भी मिलते हैं। जिस पर नक्काशी किए हुए स्टैंड में एक खाली लैटरनुमा शीट होती है। यह खुशबूदार होता है। इस पर आप अपने दोस्त को संदेश लिखकर दे सकती हैं। इसके अलावा प्यारे बॉक्स भी आते हैं, जिसमें आप लैटर रखकर अपने फ्रेंड को दे सकती हैं। इसे देखकर आपके दोस्त के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी। मोबाइल और इंटरनेट के इस युग में आपका दिया इस प्रकार का प्यारा और भावनाओं से भरा तोहफा यकीनन आपके दोस्त का दिल छू लेगा।

(एसेसरीज एक्सपर्ट राही महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)

# प्यारे दोस्तों के लिए अट्रैक्टिव फ्रेंडशिप बैंड्स

ट्रेंड
श्रुति

बदलते ट्रेंड के साथ फ्रेंडशिप बैंड्स भी बदलते जा रहे हैं। अब इन बैंड्स में कई लेटेस्ट वैरायटीज भी अवेलेबल हैं, जो काफी अट्रैक्टिव लगती हैं। आप इनमें से कोई भी अपने प्यारे फ्रेंड के लिए चुन सकती हैं। मार्केट में खूबसूरत फ्रेंडशिप बैंड्स की ढेरों वैरायटी देखने को मिल रही हैं। इनमें सिंपल से लेकर डिजाइनर लुक तक की बड़ी रेंज मौजूद हैं। इन्हें फ्रेंडशिप के अलावा नॉर्मल डेज में भी बांधा जा सकता है।



**थ्रेड बैंड्स:** सबसे क्लासिक और इमोशनल टच वाला बैंड माना जाता हैं थ्रेड फ्रेंडशिप बैंड। थ्रेड वाले क्रोशिए के ब्रांडेड फ्रेंडशिप बैंड्स आउट ऑफ फैशन नहीं होते। थ्रेड्स को अलग-अलग रंगों में नॉट करके ब्रेडेड स्टाइल दी जाती हैं। इनमें आपको ढेरों कलर और डिजाइन की वैरायटी मिल जाएगी। वैसे आजकल मल्टीकलर थ्रेड बैंड्स, सिंगल कलर क्लासिक स्टाइल, ट्राइबल थ्रेड बैंड्स काफी ट्रेंड में हैं।



**चार्म ब्रेसलेट स्टाइल बैंड्स:** चार्म बैंड्स युवा महिलाओं और कॉलेज गोइंग गर्ल्स के बीच बहुत ज्यादा पॉपुलर हैं। चार्म बैंड्स एक तरह के फ्रेंडशिप ब्रेसलेट होते हैं, जिनमें छोटे-छोटे मेटल, बीड या एक्रेलिक आइकन या फिगर लटकाए जाते हैं जैसे म्यूजिक नोटबुक, बटरफ्लाई मून, कॉफी कप, एनिमल, स्टार, कोट्स, एविल आई, लॉक-की, हार्ट या इंस्पायरिंग वर्ड आदि। इन्हें लकी चार्म माना जाता है। हर चार्म का कोई न कोई मतलब होता हैं। इन्हें एथनिक और इंडो वेस्टर्न दोनों स्टाइल की ड्रेस के साथ मैच किया जा सकता हैं। ये बैंड्स, लेयर्ड चेन या सिल्वर कंगन के साथ भी अच्छे लगते हैं। इस तरह के बैंड्स में, इनिशियल और मल्टी लेयर चार्म बैंड्स काफी ट्रेंड में हैं। इसमें एक नहीं बल्कि चार-पांच चार्म फिगर लगे होते हैं, जो आपको अलग लुक देंगे।



**डिजिटल फ्रेंडशिप बैंड्स:** ये सबसे अलग और इनोवेटिव फ्रेंडशिप बैंड्स हैं, जो आजकल काफी छाए हुए हैं। इस तरह के बैंड्स आप अपने फ्रेंड को दे सकती हैं। ये बैंड्स दिखने में बेहद स्टाइलिश लगते हैं। ये ऐसे बैंड होते हैं, जिसमें एक छोटा क्यू आर कोड प्रिंट या एम्बेडेड किया गया होता है। उस क्यू आर कोड को स्कैन किया जाता है तो वह आपकी ओर से रेडी किया गया कोई मैसेज, फोटो, वीडियो क्लिप, लिंक को खोलता है। ये बैंड्स आमतौर पर सिलिकॉन, लेदर या वाटरप्रूफ फैब्रिक के बने होते हैं। इन पर क्यूआर कोड को आर्ट की तरह डिजाइन किया जाता है।

(एसेसरीज एक्सपर्ट स्मिता महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)

जन्म के बाद नवजात शिशु को पर्याप्त पोषण मिले, इसके लिए जरूरी है कि मां की डाइट भी न्यूट्रिशस हो। वर्ल्ड ब्रेस्ट फीडिंग वीक (1-7 अगस्त) के मौके पर आपको दे रहे हैं यूजफुल सजेशंस।

# ब्रेस्ट फीडिंग के दौरान ऐसी हो मां की डाइट

डाइट सजेशन
ललिता गोयल

बच्चे को जन्म देने के बाद हर मां चाहती है कि उसका शिशु हमेशा स्वस्थ रहे। इसके लिए शुरुआत के कुछ महीने मां का दूध सबसे अहम होता है। मां का दूध किसी भी नवजात शिशु की पहली खुराक होता है, जो उसे पोषण देने के अलावा उसकी इम्यूनिटी को मजबूत करता है और उसे बीमारियों से बचाता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि ब्रेस्ट फीडिंग के दौरान मां का खान-पान भी शिशु की सेहत से जुड़ा होता है? मां जैसी डाइट लेगी, शिशु को वैसा ही पोषण मिलेगा। ऐसे में जरूरी है कि स्तनपान कराने वाली मांओं की खुराक ऐसी होनी चाहिए, जो मिल्क सप्लाई को बढ़ाए और मां-बच्चे दोनों की पोषक जरूरतों को पूरा कर सके। आइए जानते हैं लैक्टेटिंग मदर का डाइट प्लान कैसा होना चाहिए?

**इन्हें करें डाइट में शामिल:** ब्रेस्टफीडिंग के दौरान मां को प्रोटीन से भरपूर खुराक लेनी चाहिए। यह मांस-पेशियों को मजबूती प्रदान करता है।



- ब्रेकफास्ट में मूंग दाल, पनीर सैंडविच या ओटमील ले सकती हैं। ओटमील, मिल्क सप्लाई बढ़ाने में मददगार होता है। साथ में एक मुट्ठी भिगोया हुआ मेवा और एक गिलास गुनगुना दूध ले सकती हैं।
- लंच और डिनर में लैक्टेटिंग मदर रागी, ज्वार और गेहूं के आटे से बनी रोटी, हरी सब्जियां जैसे पालक, बथुआ, सरसों का साग, मेथी का साग आदि खा सकती हैं। इससे उन्हें एनर्जी और फाइबर मिलेगा। हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन, कैल्शियम, विटामिन सी का अच्छा स्रोत होती हैं। इसके अलावा वे दही और चिया सीड्स भी ले सकती हैं।
- शाम के समय स्तनपान कराने वाली मांएं केला, संतरा, नाशपाती, आड़ू, सेब, खरबूजा, चीकू, आम, एवोकाडो आदि फल खा सकती हैं। ये फल ब्रेस्ट फीडिंग मदर के लिए बहुत सेहतमंद होते हैं।
- स्तनपान कराने वाली मांओं को अपनी डाइट में आयरन रिच फूड्स लेने चाहिए। इसके लिए आयरन के कुछ सामान्य स्रोत जैसे दालें, फलियां, हरी पत्तेदार सब्जियां, तरबूज, अंडा और रेड मीट इत्यादि शामिल किए जा सकते हैं।



**इन बातों का रखें ध्यान:** फीड कराने वाली मांओं को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- दिन में तकरीबन तीन बार पोषक आहार लें और नाश्ते को कभी स्किप न करें। इसके अलावा दो से तीन बार हल्की खुराक भी लेनी चाहिए।
- ज्यादा शुगर और फैट वाले आहार को कम मात्रा में लें।
- आलू के चिप्स, चॉकलेट, केक और सॉफ्ट ड्रिंक्स जैसे हाई फैट और शुगर वाली चीजों को ना लें या कम खाएं।
- अल्कोहल और धूम्रपान से बचें।
- स्तनपान के दौरान डाइटिंग करने से बचें।
- दूध और उससे बने प्रोडक्ट्स जैसे दही, पनीर को रोजाना की डाइट में शामिल करें। बादाम, अखरोट, काजू जैसे सूखे मेवे, मौसमी फल और हरी सब्जियां भी जरूर लें।
- शरीर को हाइड्रेट रखें, इसके लिए दिनभर में कम से कम 7-8 गिलास पानी पिएं। साथ ही, नारियल पानी, नींबू पानी जैसे हेल्दी ड्रिंक्स लें।
- इस दौरान ओमेगा-3 युक्त फूड्स जैसे अलसी के बीज या फिश का सेवन भी फायदेमंद रहता है।

(डाइटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)

# हनुमान जोहड़ी मंदिर में दिखा हरियाणवी संस्कृति का संगम, तीन दिवसीय तीज मेला महोत्सव का उल्लासपूर्ण हुआ समापन, प्रतिभागियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा मातृशक्ति के सम्मान में आयोजित तीन दिवसीय तीज मेला महोत्सव का हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में बालयोगी महंत चरणदास के सान्निध्य में उल्लासपूर्ण समापन हुआ। यह जानकारी देते हुए पुजारी ध्यानदास एवं सुशील गुप्ता ने बताया कि यह महोत्सव ना केवल हरियाणवी संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन था, बल्कि बेटियों और महिलाओं की प्रतिभा और सशक्तिकरण का भी एक बेहतरीन मंच साबित हुआ। उन्होंने बताया कि समापन अवसर पर मंदिर प्रांगण में मौजूद सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और बेटियों ने अपनी अनूठी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया।

## महिलाओं और बेटियों ने अपनी अनूठी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया

### 500 प्रतिभागियों को सम्मानित किया

हरियाणवी संस्कृति से ओत-प्रोत गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया। पारंपरिक नाटकों का मंचन भी किया गया, जिनमें सामाजिक संदेशों के साथ-साथ हास्य और मनोरंजन का पुट भी था। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अलावा, कई बेटियों और महिलाओं ने अपने योग कौशल का प्रदर्शन कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। जटिल योगासनों को सहजता से करते हुए उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जोर दिया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभागियों को क्रमशः 11 हजार, 7100 व 5100 की नगद राशि से सम्मानित किया। इसके अलावा सभी 500 प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बालयोगी महंत चरणदास ने कहा कि तीन दिवसीय इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति का सम्मान करना और समाज में महिलाओं और बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना था। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनके सशक्तिकरण से ही एक समृद्ध और विकसित समाज का निर्माण संभव है। यह तीन दिवसीय आयोजन ना केवल सांस्कृतिक रूप से समृद्ध रहा, बल्कि इसने सामाजिक सौहार्द और सामुदायिक भावना को भी बढ़ावा दिया।



भिवानी। हरियाणवी संस्कृति का संगम कार्यक्रम के दौरान सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुती देते हुए। फोटो: हरिभूमि

### हरियाणवी संस्कृति को मिलता है बढ़ावा

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पहुंचे अधिवक्ता गोपाल कृष्ण पोपली एवं मुकेश रहेजा ने आयोजन की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे महोत्सवों का आयोजन होता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से एक तरफ जहां हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा मिलता है तो वही दूसरी तरफ आपसी प्रेम एवं भाईचारे की भावना भी प्रबल होती है। इस अवसर पर अधिवक्ता धीरज सैनी, दिनेश दाधीच, शिवकुमार चित्रकार, अधिवक्ता घनश्याम शर्मा, धर्मबीर दहिया, विजय सिंघानिया, अधिवक्ता संदीप सैनी, रमेश सैनी, राजेश मुखी, संजय शर्मा, धीरज सोनी, संजय गुप्ता, पवन शास्त्री, डा. ओमवीर शर्मा, सुदेश, कृष्ण अग्रवाल, पवन सैनी, पुरूषोत्तम मित्तल, अमित बंसल, राजकुमार सैनी, किरण गुप्ता, सरोज कौशिक, रूपवती, किरण सैनी, सारिका कोकड़ा, अंशिका गुप्ता, सुनीता शर्मा, सुदेश, ममता सैनी, सोनिया खुंडिया, अन्नु वर्मार, प्रवीण सैनी, मंजू मित्तल, इशा गर्ग, निहारिका दाधीच, शशी, अनुश्री, दिव्या वालिया सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 73 मरीजों ने करवाई हड्डियों की जांच

**भिवानी।** कृष्णा कॉलोनी स्थित डॉ. विद्या सागर चैरिटेबल अस्पताल में जामपुर सेवा समिति द्वारा मासिक हड्डी जांच शिविर का आयोजन किया। प्रत्येक माह के अंतिम सोमवार को लगने वाले विशेष स्वास्थ्य सेवा अभियान के तहत जुलाई माह के शिविर में कुल 73 मरीजों की हड्डियों से संबंधित जांच की। शिविर का शुभारंभ जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक अनिल कालरा ने रिबन काटकर किया तथा कल्याणी अस्पताल गुरूग्राम से डॉ. विक्रांत खन्ना ने अपनी सेवाएं दी ।

### गाय भारतीय संस्कृति का अभिन्नः बासिया

**भिवानी।** जेसीआई भिवानी के सदस्यों ने हालुवास गेट स्थित मुक्ति धाम के नजदीक स्थित नंदीशाला में गौवंश की सेवा कर समाज को गोसेवा के महत्व से अवगत करवाया। बता दें कि जेसीआई भिवानी इस गोशाला को गोद लिया हुआ है और समय-समय पर यहां गोसेवा के विभिन्न कार्य करती रहती है। आज की गतिविधि में जेसीआई भिवानी के सदस्यों ने गोशाला में गायों को चारा व गुड़ खिलाया तथा गोशाला परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित की।

### समाधान शिविरों में लोगों को मिल रही राहतः डीसी

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविर की लंबित शिकायतों की प्रगति को लेकर समय पर अपडेट सुनिश्चित किया जाए और पूर्व में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर जिले में हर सोमवार व वीरवार को समाधान शिविरों को आयोजन किया जा रहा है। जिले में अभी तक मिली शिकायतों में से अधिकांश शिकायतों का समाधान कर दिया है और शेष शिकायतों पर संबंधित विभागीय अधिकारी प्राथमिकता के साथ कार्रवाई कर रहे हैं। सोमवार को आयोजित शिविर में जिला परिषद के सीईओ डा. विरेन्द्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बनकर उभरे हैं।

### अशोका व औषधीय पौधों का किया रोपण

**भिवानी।** हरियाली तीज पर भिवानी क्लब द्वारा एक विशेष पर्यावरणीय पहल के अंतर्गत एक पौधा, एक जिन्दगी अभियान का आयोजन सीनियर सिटीजन क्लब, सेक्टर-13, भिवानी में किया। इस आयोजन में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देना तथा समाज में पौधरोपण के प्रति जागरूकता पैदा करना था।

### लंबित मांगों को तुरंत पूरा करने की मांग की

**बाढड़ा।** हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने चरखी दादरी में सीएम नायाब सिंह सैनी से मुलाकात कर नंबरदारों के रिक्त पदों पर दोबारा नियुक्त करने, सर्वरा व्यवस्था को बहाल करने समेत सभी मांगों को तुरंत पूरा करने की मांग की। सीएम नायब सिंह सैनी ने जल्द ही विभाग व एसोसिएशन की संयुक्त बैठक आयोजित कर सर्वहित फैसला लेने का भरोसा दिया।

### झूठी हमदर्दी का दिखावा करने में जुटी सरकार

**बाढड़ा।** संयुक्त किसान मोर्चा पदाधिकारियों ने कस्बे के जुई रोड़ पर संचालित धरने पर सरकार द्वारा मुआवजा रिपोर्ट में जानबूझ कर धांधली बरतने पर रोष प्रदर्शन किया तथा जल्द ही बड़ा आंदोलन शुरु करने का फैसला लिया। पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रणसिंह मान ने दावा किया कि सरकार किसानों की झूठी हिमायती बन रही है। कस्बे के जुई रोड स्थित अनाज मंडी के सामने किसान सभा नेता सूमेर सिंह भांडवा व करतार सिंह गोपी की अध्यक्षता में संचालित धरने पर पहुंचे पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रणसिंह मान ने कहा कि दो बार की प्राकृतिक आपदा के पीड़ितों का मुआवजा व सारे गोलमाल की जांच समय सीमा निर्धारित नहीं की ।

## समाज को एकजुट कर परंपरागत संस्कृति के गौरव से अवगत करवाता है तीज पर्व : सोनी

# बिछवान पार्क में गूंजी तीज की धूम सांस्कृतिक विरासत का अनूठा उत्सव

महिलाओं ने लोकगीतों व हरियाणवी नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

घोसियान चौक स्थित बिछवान पार्क में तीज का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने जमकर लुत्फ उठाया। बिछवान पार्क समिति के प्रधान प्रदीप सोनी ने इस अवसर पर कहा कि तीज जैसे पर्व समाज को एकजुट कर परंपरागत संस्कृति की गौरवता से अवगत करवाते हैं। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजी महिलाओं की उपस्थिति से पार्क का माहौल पूरी तरह से उत्सवमय हो गया था। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई, जिसके बाद लोकगीतों और हरियाणवी नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। महिलाओं ने पारंपरिक तीज के गीत गाए और झूलों का आनंद लिया। कई महिलाओं ने मेहंदी लगवाई और अपने हाथों को पारंपरिक डिजाइनों से सजाया। आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिलाओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। हरियाणवी गीतों पर समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इन आयोजनों से पार्क में चारों ओर खुशी और उत्साह का माहौल छा गया। इस मौके पर बिछवान पार्क समिति के प्रधान प्रदीप सोनी ने तीज का पर्व केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता है और समाज में एकता व सौहार्द की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को हमारी परंपराओं और रीति-रिवाजों से परिचित कराते हैं, जिससे वे अपनी संस्कृति पर गर्व कर सकें। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अशोक यादव, टोनी ठाकुर, पप्पू यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, सत्यवान खटक, भल्लेराम शर्मा, महेश लखेरा, मीनू खटक, बबली देवी, उर्मिला, शिप्रा, संतोष देवी, किरण, सुनीता, ललिता देवी, शारदा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


भिवानी। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं व बच्चे। फोटो: हरिभूमि

### लॉयंस क्लब भिवानी सिटी ने मनाया तीज उत्सव

**भिवानी।** लायंस क्लब भिवानी सिटी ने पारंपरिक पर्व 'तीज' को अत्यंत हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया। यह भव्य आयोजन क्लब अध्यक्ष लायन प्रदीप जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए संगीत, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, नृत्य प्रस्तुति और अन्य मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने तीज गीतों पर थिरकते हुए पूरे वातावरण को जीवंत कर दिया। क्लब की प्रथम महिला वंदना जैन ने कहा कि तीज न केवल महिलाओं का पर्व है, बल्कि ये हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को संजोने का सुंदर माध्यम भी है, ऐसे आयोजनों से आपसी जुड़ाव एवं सौहार्द को बल मिलता है।



### मत छेड़ बलम मेरी चूंदड़ से बांधा समां

**भिवानी।** बहुरंगी छटाएं बिखेरते नृत्यों के साथ सांस्कृतिक मंच ने तीज के उपलक्ष्य पर लोक उत्सव मनाया। कार्यक्रम में नृत्यांगना शिवानी ने नै, न तै हो जागी तकरार जले. गीत पर नृत्य किया तो सांस्कृतिक सदन का सभागार तालियों की गडग़ड़ाहट से गूँज उठा। दिव्या मिर्ग ने अंखिया विच बसदे सजना, तेरे मैं दिल विच रहना गीत पर नृत्य किया तो सभी उपस्थित जन झूम उठे। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए मंच की अध्यक्ष नीता चावला व वरिष्ठ सदस्या इंदु शर्मा ने बताया कि तीज के उपलक्ष्य में आज सांस्कृतिक मंच ने लोकोत्सव कार्यक्रम में रंगारंग नृत्यों का भव्य आयोजन किया। लोकोत्सव में राजस्थानी, हरियाणवी और पंजाबी गीतों पर नृत्यों ने खूब धमाल मचाया। जिन गीतों पर नृत्य किए गए उनकी फडक़ देखिए। चम चमके चुंदड़ी बिनजारा रे, म्हारी नथनी तो पलका खाए गीत पर अलका के नृत्य ने रंग बिखेरा। थारे वास्ते रे ढोला नैन म्हारे जागे सारी सारी रैना, जागे तू मारो कौन लागे पर मोनिका ने नृत्य किया।



### ज्योति भारद्वाज के सिर सजा मिसेज तीज का ताज

**भिवानी।** श्रीराम सामाजिक सेवा समिति द्वारा सेक्टर 13 में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । समिति के प्रधान नरेंद्र शर्मा और सचिव बलदेव शर्मा ने बताया कि उनकी समिति हर साल तीज पे महिलाओं के लिए कार्यक्रम करती हैं, जिसमें झूलों के अलावा महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करती हैं। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह की धर्मपत्नी शालिनी सिंह बतौर मुख्यतिथि और समाजसेविका अनु जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। ज्योति भारद्वाज के सिर पर मिसेज तीज का ताज सजा।



### जेसीआई भिवानी ब्लॉसम ने मनाया तीज पर्व

**भिवानी।** जेसीआई भिवानी ब्लॉसम ने रेस्तरां में तीज का पर्व बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया और सावन के गीतों, झूला झूलने तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से पर्व का आनंद लिया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजधजकर लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान उत्सव का माहौल बना रहा और महिलाएं देर शाम तक सावन के गीतों पर थिरकती रही। जेसीआई की प्रधान शगुन छाबड़ा व पूर्व प्रधान डिंपल गोयल ने कहा कि सावन महीने में प्रकृति और जीवन में नई ऊर्जा का प्रतीक है।

### शिवाजी पार्क एमसी कॉलोनी में मनाया तीज पर्व

**भिवानी।** एमसी कॉलोनी स्थित शिवाजी पार्क में तीज का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। महिलाओं और बच्चों ने मिलकर खूब मस्ती की और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के साथ झूलों का आनंद लिया। कार्यक्रम में सावन के मनमोहक गीतों पर सभी झूमते हुए दिखाई दिए, जिससे पार्क का वातावरण पूरी तरह से उत्साहपूर्ण हो गया। इस अवसर पर बच्चों का उत्साह भी देखने लायक था। उन्होंने भी अपनी माताओं और बड़ों के साथ मिलकर खेल-कूद में हिस्सा लिया।





### भगवान शिव-देवी पार्वती को समर्पित हैं तीज पर्व

**भिवानी।** हरियाली तीज भगवान शिव और देवी पार्वती को समर्पित पर्व है। शास्त्रों के अनुसार देवी पार्वती ने कई जन्मों तक भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। उसी के प्रतीक के रूप में प्रतिवर्ष हरियाली तीज मनाई जाती है, ये बात प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धिधाम प्रमुख राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन ने हरियाली तीज पर्व पर उपस्थित महिलाओं को झुला झुलाते हुए कही। उन्होंने कहा कि ये पर्व आपसी प्रेम का पर्व है, हम सभी को इस दिन अपने सभी प्रकार के मतभेद भुला देने चाहिएं।

## श्रुति चौधरी ने राज्य स्तरीय तीज महोत्सव में की शिरकत

- महिला एवं बाल विकास द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने सोमवार को अंबाला में आयोजित प्रदेश स्तरीय हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने वहां पर अपने संबोधन के माध्यम से विभाग द्वारा महिलाओं के उत्थान एवं खुशहाली के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शनायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि रहे। चौधरी ने महिलाओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि हरियाणा की धरती से 2025 में शुरु किए गए बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। वर्ष 2025 में लिंगानुपात 871 था, जो अब 904 पार कर चुका है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की बेटियां यूपीएससी के परिणामों में प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। राफेल जैसे लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं और खेलों में विश्व स्तर पर पदक ला रही हैं। उन्होंने बाल विकास सेवा योजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह योजना नहीं बल्कि जीवन रेखा है। हरियाणा में ढाई हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं के विकास के लिए पूरक पोषाहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, पूर्व प्राथमिक शिक्षा, पोषण एवं प्राथमिक शिक्षा जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हरियाणा के प्ले स्कूलों में 51000 से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं।


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में सीएम नायाब सिंह सैनी के साथ मंत्री श्रुति चौधरी।

## छात्राओं ने दिखाया शानदार नृत्य

- विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया तीज उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीज का पावन पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई, जिसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजी छात्राओं ने लोकगीतों एवं नृत्यों की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। झूले, मेहंदी प्रतियोगिता, गीत-संगीत और कविता पाठ ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। विद्यालय में छात्रों द्वारा हरियाणवी संस्कृति को बचाये रखने के लिए कविताएं और भाषण आदि प्रस्तुत किये जिसने सबका मन मोह लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनिका धींगड़ा ने सभी को तीज पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए इस तरह के आयोजनों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने वाला एक सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्व विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना जागृत करते हैं और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।


बवानीखेड़ा। श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीज का पावन पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास से मनाते हुए। फोटो: हरिभूमि

## मनमोहिनी दीदी का 42वां स्मृति दिवस मनाया

# ब्रह्माकुमारी मनमोहिनी दीदी दिव्य गुणों की थी खान

- मनमोहिनी दीदी योग साधना से दु:खी एवं अशांत आत्मा के मन को मोह लेती थी : वसुधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

मनमोहिनी दीदी अपनी योग साधना से किसी भी दुःखी अशांत आत्मा के मन को ऐसे मोह लेती थी कि वह सुख शांति आनंद की अनुभूति करने लगता था। वास्तव में मनमोहिनी दीदी दिव्य गुणों की खान थी, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में मनमोहिनी दीदी के 42वें स्मृति में दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने वक्त किए। उन्होंने कहा दीदी प्रकृति प्रेमी थी, उनकी स्मृति में पार्क में सहेजना का पौधा लगाया। बीके वसुधा बहन ने कहा कि दीदी जी हरेक से गुण उठती थी। हर कार्य खुद करके दूसरों से कराती थी। दीदी सच्ची पतिव्रता, सतीव्रता, पिताव्रता थी। ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि दीदी सच्ची तपस्वी गोपी थी उन्होंने बच्चे बूढ़े जवान सभी को परमपिता परमात्मा शिव की दिव्य शिक्षाओं से भरपूर कर आध्यात्मिकता का पाठ पढ़ाया। अपने स्नेह और प्यार से अनेकों भाई बहनों को दिव्य गुण और शक्तियों का अनुभव करवा समाज के नव निर्माण में लगाया।


भिवानी। मनमोहिनी दीदी को श्रद्धांजलि देते बीके भाई-बहन। फोटो: हरिभूमि

### स्वर्णिम समाज का निर्माण करना होगा

झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि हमें मनमोहनी दीदीजी के पद चिन्हों पर चलकर समाज को दिव्य गुण और शक्तियों से भरपूर कर स्वर्णिम समाज का निर्माण करना होगा। ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने दीदी मनमोहिनी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए भाई बहनों को कहा कि हमें अपने जीवन में नैतिक आध्यात्मिक और चारित्रिक मूल्यों को धारण कर समाज को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लेना है, यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## योग साधकों ने पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

कोंट रोड मिनी बाइपास स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में सुबह पांच बजे से चल रही निःशुल्क योग कक्षा में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर योग साधकों को पौधा लगाने व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। योग प्रशिक्षक सूरज बागड़ी ने विभिन्न प्रकार के योगासन, प्राणायाम व ध्यान तकनीकें सिखाईं, जिनसे न केवल तन-मन स्वस्थ रहता है, बल्कि व्यक्ति प्रकृति से भी गहराई से जुड़ता है।

इस अवसर पर मंदिर प्रबंधक उर्मिला सैनी ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, जीवन जीने की कला है। यह हमें आत्मा, शरीर और प्रकृति तीनों से जोड़ता है। प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण योग का ही एक अंग है, क्योंकि जब तक वातावरण शुद्ध नहीं होगा, तब तक स्वास्थ्य और ध्यान दोनों असंभव हैं।

**सूचना**

मैं, राज कुमार पुत्र श्री रामफल निवासी चिड़िया, तहसील व जिला चरखी दादरी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दीपक व पुत्रवधु रिंकी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### ग्रीन एंबेसडर की भूमिका निभा रही 17 वर्षीय वैभवी

**भिवानी।** पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल की 17 वर्षीय बेटी वैभवी संभ्रवाल अपने हर जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 17वां जन्मदिन मनाया। समाज के लिए ग्रीन एंबेसडर की भूमिका निभा रही 12वीं कक्षा की छात्रा वैभवी ने 17वें जन्मदिन पर स्थानीय लठियावाला जोहड़ पर 17वीं त्रिवेणी का रोपण किया। इस मौके पर वैभवी के पिता सुरेंद्र संभ्रवाल ने कहा कि वैभवी की ये पहल सिर्फ एक व्यक्तिगत परंपरा नहीं है, बल्कि ये आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और उसे संरक्षित करने का एक सशक्त संदेश है।

### मीटिंग में सदस्यों को बताए उनके अधिकार

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वमावि में में एसएमसी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक प्राचार्य एवं कायकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा के नेतृत्व मे आयोजित हुई। बैठक में सदस्यों को सदस्यों के चयन की प्रक्रिया, विद्यालय में हो रही गतिविधियों एवं विकास कार्य की भूमि और उनके महत्व के बारे में समझाया।

### तेल के रेट बढ़ाए जाने का किया विरोध

**बवानीखेड़ा।** गाँव बलियाली में अम्बेडकर युवा संगठन की मीटिंग और राशन डिपो पर लाभार्थियों को तेल की बढ़ोतरी को लेकर चिंता जताई। अम्बेडकर संगठन के प्रधान बलजीत अहलान तेल की कीमत को कम करने के बारे में मीटिंग में बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा राशन डिपो में तेल के रेट बढ़ाए जाने के विरोध व्यक्त किया।

### किसी भी वार्ड की गली में नहीं जमा होगा पानी

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के किसी भी वार्ड, गली में पानी जमा नहीं होगा और ना ही गदंगी दिखाई देगी। इसके लिए सभी 16 पार्षदों कि बैठक लेकर बताया गया है कि वे अपने अपने वार्डों पर फोकस करें ताकि वार्डवासियों को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। ये बात नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री ने शहर के जलभराव एरिया का निरीक्षण करते हुए कही।

### विद्यार्थियों को भेंट की सिलाई मशीन

**लोहारू।** श्रीश्याम सुंदर ज्योति मंडल ने राजकीय मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के गृह विज्ञान के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सोमवार को प्राचार्या पूनम श्योराण को सिलाई मशीन भेंट की। इस सिलाई मशीन के माध्यम से गृह विज्ञान के विद्यार्थी अभ्यास कर सकेंगे। प्राचार्या पूनम श्योराण ने श्रीश्याम सुंदर ज्योति मंडल का आभार जताया। बता दें कि पिछले महीने पूर्व मंत्री जेपी दलाल के प्रयासों से श्रीश्याम सुंदर ज्योति मंडल ने शहर की करीब 115 जरूरतमंद महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए निःशुल्क सिलाई मशीन वितरित की थी। मंडल के अध्यक्ष सुभाष सैनी, सुरेंद्र वर्मा, पार्षद अजय शर्मा, महेंद्र शर्मा आदि ने बताया कि मंडल द्वारा शहरवासियों के सहयोग से समाज सेवा के अनेक कार्य किए जा रहे हैं।

### सीईटी के सफल आयोजन ने जीता लोगों का मन

**बवानीखेड़ा।** प्रदेश में सीईटी की दो दिन चली परीक्षा में परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की वाहनों की दिक्कत नहीं हुई। इसका श्रेय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नेक सोच को जाता है और अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को जाता है जिन्होंने पूरी निष्ठ और ईमानदारी के साथ अपने कार्य को परवान चढ़ाया। ये बात हलका विधायक कपूर वाल्मीकि ने कही। उन्होंने बताया कि हरियाणा परिवहन विभाग व निजी विद्यालयों की बसों ने परीक्षार्थियों को लेकर परीक्षा स्थल व परीक्षा स्थल से निर्धारित स्थान पर छोड़ने का कार्य किया और परीक्षार्थियों द्वारा निःशुल्क अपने परीक्षा स्थान पर पहुंचकर परीक्षा दी। जिन परीक्षार्थियों को सैंटर की समस्या आई उन्हें बड़े बड़े अधिकारियों ने अपने वाहन से पहुंचाया।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूल खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

# 200 मीटर दौड़ में यश व योगिता और 400 मीटर में आदित्य प्रथम

बच्चों का खेलों से होता है सर्वांगीण विकास : बीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

चौ. सुरेन्द्र सिंह खेल स्टेडियम में खण्ड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ खंड शिक्षा अधिकारी विजय सांगवान ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों का खेलों से सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों से आह्वान करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से सौहार्दपूर्ण खेलना चाहिए। उन्होंने बच्चों से खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आह्वान किया।

खंड स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिताएं अंडर 11 और अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग में बच्चों के सभी खेल प्रतियोगिताएं शुरु की गई हैं। सोमवार को आयोजित प्रतियोगिताओं के दौरान अंडर 11 आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में एनजेएम विद्यालय के छात्र लकी ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया तो इसी विद्यालय के छात्र दक्ष ने द्वितीय स्थान हासिल किया। 200 मीटर दौड़ में संत रोशन लाल विद्या मंदिर ढाणी माहू के छात्र यश ने प्रथम स्थान हासिल किया तो एमडी हाई स्कूल संडवा के छात्र गौरव ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी कड़ी में 400 मीटर दौड़ में ग्लोबल विद्यालय मिरान के छात्र आदित्य ने प्रथम तो गांव बुशाण के एनजेएम विद्यालय के छात्र पुनीत ने द्वितीय स्थान हासिल किया। लंबी कूद में एनजेएम विद्यालय के छात्र लकी ने प्रथम तो नवयुग विद्यालय के हितेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 11 आयुवर्ग की लड़कियों की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में बाबा मुंगीपा विद्यापीठ विद्यालय बुशाण की छात्रा योगिता ने प्रथम तो गांव संडवा के राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय की छात्रा पलक ने द्वितीय स्थान हासिल किया तो 200 मीटर दौड़ में इसी विद्यालय की छात्रा पलक ने प्रथम स्थान हासिल किया द्वितीय स्थान पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय बुशाण की छात्रा खुशी रही। 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में संत रोशन लाल विद्या मंदिर ढाणी माहू की छात्रा दीपांशी प्रथम तथा आदर्श विद्यालय मीरान की छात्रा वंदना द्वितीय स्थान पर रही। लंबी कूद में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बुशाण की छात्रा खुशी ने प्रथम तथा बाबा मुंगीपा विद्यापीठ विद्यालय की छात्रा योगिता ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अंडर 14 आयु वर्ग लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में गांव बुशाण की छात्रा संध्या ने प्रथम स्थान हासिल किया तो नवयुग विद्यालय तोशाम की छात्रा वंशिका ने द्वितीय स्थान हासिल किया वहीं 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में बाबा मुंगीपा विद्यापीठ विद्यालय बुशाण की छात्रा तनुजा ने प्रथम स्थान हासिल किया तो खरकड़ी माखवान के न्यू एरा विद्यालय की छात्रा वर्षा ने द्वितीय स्थान हासिल किया।





**तोशाम।** खो खो खेल में अंक हासिल करने का प्रयास व प्रतियोगिता के कबड्डी मैच में अंक लेने का प्रयास करते हुए।

### 400 मीटर दौड़ में संध्या रही सबसे आगे

400 मीटर दौड़ में गांव बुशाण के राजकीय उच्च विद्यालय की छात्रा संध्या ने प्रथम स्थान हासिल किया तो मेगा माइंड विद्यालय तोशाम की छात्रा दीक्षा ने द्वितीय स्थान हासिल किया इसी कड़ी में 600 मीटर दौड़ में एनजेएम विद्यालय की छात्रा दिव्या ने प्रथम स्थान हासिल किया तोशाम के मेगा माइंड विद्यालय की छात्रा दीक्षा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में बाबा मुंगीपा विद्यापीठ विद्यालय की छात्रा तनुजा ने प्रथम तो एनजेएम विद्यालय की छात्रा दीक्षा ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

### इन्होंने किया सहयोग

प्रतियोगिता में खेल प्रशिक्षकों में मास्टर राजेश कुमार, पीजीटी अनिल सांगवान, अरविंद सांगवान, जोनल सचिव डीपीई प्रीतपाल, डीपीई सुनिल कुमार, पीटीआई जितपाल, पीटीआई सीताराम, पीटीआई जिले सिंह, डीपीई राजपाल, डीपीई सुनिता, डीआईई माधुरी, पीटीआई सावित्री, पवन पीटीआई, कृष्ण पीटीआई, डीपीई विरेन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार एवं सुभाष सिंह का विशेष सहयोग रहा।



**भिवानी।** सीईटी के बेहतरीन तरीके से आयोजन पर खुशी जताते हुए।

# प्रतियोगी परीक्षाओं को ईमानदारी से संपन्न करवाना सरकार का लक्ष्य

- युवाओं ने सीईटी के निष्पक्ष व सफल संचालन के लिए जताया प्रदेश सरकार का आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सीईटी परीक्षा के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए युवाओं में खुशी का माहौल है। इसी कड़ी में अनेक युवाओं ने सोमवार को स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में पहुंचकर भाजपा सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। उन्होंने जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक के माध्यम से प्रदेश की भाजपा सरकार का धन्यवाद किया, जिसके कारण यह महत्वपूर्ण परीक्षा बिना किसी बाधा के आयोजित हो सकी।

इस मौके पर युवाओं ने कहा कि पूर्व की सरकारों में हमेशा प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं की खबरें आती रहती थी, जिससे परीक्षार्थियों का मनोबल गिरता था। लेकिन जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है, परीक्षा के नकल रहित व निष्पक्ष संचालन पर पूरी गंभीरता से ध्यान दिया जाता है। जिस गंभीरता का परिणाम इस बार आयोजित हुई सीईटी परीक्षा में देखने को मिला, जहां सरकार और प्रशासन की ओर से बरती गई सतर्कता और पारदर्शिता ने युवाओं के विश्वास को बढ़ाया है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने युवाओं का आभार स्वीकार करते हुए कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने दोहराया कि सरकार का लक्ष्य है कि सभी प्रतियोगी परीक्षाएं ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ संपन्न हों, ताकि योग्य उम्मीदवारों को उनका उचित स्थान मिल सके। कौशिक ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी सरकार इसी प्रकार की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीप श्योराण, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा, लवकेश बंटी जिला पार्षद ,निहाल सिंह हालुवास,मोनी राणा तिगड़ाना, सोमबीर कोच चांग, सत्यवान कुहाड़, विक्रांत चांग, लाल सिंह सैय, पवन शर्मा सैय, मुकेश चांग, मनोज चौहान, विक्की तंवर, भूप तिगड़ाना, दीपक तिगड़ाना, रोहित, अभिषेक तिगडमताना आदि मौजूद रहे।

# कार्यकारी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

- मृतक कर्मचारी प्रदीप के परिजनों को तीन लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बिजली कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने कार्यकारी अभियंता संजय रंगा को मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र सौंपते हुए अुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप बागनवाला व जिला अध्यक्ष ईमरान बापोड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी अनुबंधित कर्मचारियों को टीएंडपी उपलब्ध करवाई जाए, मृतक कर्मचारी प्रदीप के परिजनों को तीन लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाए। वहीं फील्ड में सभी डेंजर्स प्वाइंट और 11केवी लाइन क्रासिंग को दूर किया जाए, जिन कर्मचारियों को बैंक से कलेम नहीं मिला, उन्हें दिलाने का प्रयास करें।

अनुबंधित कर्मचारी जो ऑफिस में कार्यरत हैं, जैसे डाटा एंट्री ऑपरेटर, चपड़ासी, चौकीदार को भी मेडिकल सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि उनकी उक्त मांगों को पूरा किया जाए, अन्यथा वे जनआंदोलन करने पर मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी निगम प्रबंधन की होगी।



**भिवानी।** कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपते अनुबंधित विद्युत कर्मचारी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला सचिव अशोक कुमार, जिला उपप्रधान मनजीत, जिला उपाध्यक्ष पवन मिराण, जिला कार्यकारिणी सदस्य चरणसिंह जुई, आनंद, कोषाध्यक्ष राजेश कैरू आदि उपस्थित रहे।

# मुआवजे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

- खराब हुई फसलों का 50,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बवानी खेड़ा व आस पास के क्षेत्र में, जलभराव के कारण किसानों की फसलें तबाह हो गई हैं, जिस को लेकर तबाह हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर किसान सभा बवानी खेड़ा व हरियाणा जागृति मोर्चा एवं कस्बा के किसानों ने तहसील बवानी खेड़ा के माध्यम से मुख्य मंत्री को ज्ञापन सौप उन्होंने जल्द से जल्द पानी निकालने और उचित मुआवजा देने की अपील की है। कस्बा बवानी खेड़ा में खेतों में पानी भरा हुआ है, जिससे धान, बाजरा, ज्वार और कपास की फसलें बर्बाद हो गई हैं। मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सिंधू संयोजक एडवोकेट रामकिशन काजल एवं मोर्चा किसान सभा के अध्यक्ष रामगोपाल तथा किसान पवन सांगवान ने कहा अगर उन्हें मुआवजा नहीं मिला, तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। जिसकी भरपाई नही हो पाएगी। हरियाणा सरकार के मुख्य मंत्री से स्पेशल गिरदावरी (फसल नुकसान का सर्वे) करवाने और किसानों को 50,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की । उ



**भिवानी।** ज्ञापन के दौरान बर्बाद फसल दिखाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### पानी निकालने की व्यवस्था करें

उन्होंने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग करते है कि वो जल्द से जल्द पानी निकालने की व्यवस्था करें ताकि और नुकसान न हो। तहसील कानूनगो राजेन्द्र को किसानों ने वर्षा के पानी से खराब हुई कपास की फसलों को दिखाया। जिस पर कानूनगो ने कहा क्षेत्र में भारी फसल न नुकसान है वो इलाके को तहसीलदार व अपने स्तर भी देखेंगे। साथ ही वे इस बारे में जिला प्रशासन को भी सूचना भेज देंगे। ज्ञापन सौपने वाले में सतीश सचदेवा ,गोपाल शर्मा ,सज्जन, पवन सांगवान चन्द्रभान राजा दिनेश, भीमसैन सुखबीर कर्ण सिंह नम्बरदार ,किताब सिंह, राजेश कुमार मौजूद थे।

# जनस्वास्थ्य कर्मियों ने धरना किया शुरू

- डाटा अपलोड करने में मनमानी बरतने पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा उपमंडल के कर्मियों का रिकार्ड डाटा अपलोड करने में मनमानी बरतने पर आज सभी कर्मियों ने उपमंडल कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया तथा शाम तक एसडीओ के कार्यालय के नदारद रहने व मांगों की सुनवाई न करने पर अनिश्चितकालीन धरना शुरु करने का फैसला लिया।

हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन संबधित जनस्वास्थ्य विभाग कर्मयों ने शाखा अध्यक्ष सुमित कादयान की अध्यक्षता में जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन आयोजित कर सरकार पर कच्चे व स्थाई कर्मियों के हितों से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

संगठन प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर सिंह शर्मा ने कहा कि सरकार की हठ्धर्मिता के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पब्लिक हेल्थ के ट्यूबवैल ऑपरेटरों ने मजबूरीवश बाढड़ा जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में धरना देना पड़ रहा है। इन कर्मचारियों की प्रमुख मांग यह है कि उन्हें कौशल रोजगार योजना में उनके पिछले पूरे अनुभव को जोड़ा जाए, ताकि उनकी सेवा का उचित मूल्यांकन हो सके । धरने की अध्यक्षता कर रहे सुमित कादयान ने कहा कि यदि सरकार या संबंधित विभाग उनकी मांगों को नहीं मानता, तो धरना अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगा।



**बाढड़ा।** जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल कार्यालय पर रोष प्रदर्शन में शामिल कर्मचारी।

### ये रहे मौजूद

उनके अलावा राज्य प्रधान ईश्वर शर्मा, राज्य के कोषाध्यक्ष जयभगवान अहलावत, राज्य कार्यकारिणी सदस्य कनिष्ट अभियंता भीमराज, संजय नैन, अली मोह मद कादमा राज्य प्रेस सचिव, जयभगवान शर्मा ब्रांच सचिव, रामचंद्र बिलावल, योगेंद्र सिंह जिला उपप्रधान, धर्मेंद्र जिला प्रैस सचिव, सुमित कादयान ब्रांच प्रधान, प्रताप शर्मा बाढड़ा जयवीर शर्मा, धर्मेंद्र हड़ोदा, बिजेंद्र कादमा, जगबीर चांदनी, मोनू, सोमबीर आदि मौजूद रहे।

# सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

- किसान आंदोलन को नंबरदार एसोसिएशन ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

लोहारू में विभिन्न मांगों को लेकर 13 दिन से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसानों को नंबरदार एसोसिएशन समर्थन दिया। नंबरदार एसोसिएशन के प्रधान राजपाल सिंघानी ने कहा कि 350 करोड़ रुपये के फसल बीमा क्लेम और किसान हित की मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे किसानों के साथ उनकी एसोसिएशन कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। सरकार जब तक किसानों की मांग स्वीकार नहीं करेगी, उनका उनका आंदोलन जारी रहेगा।

सोमवार को धरने का संचालन जगरोशन रोढ़ा, धर्मपाल बारवास व पृथ्वी सिंह गोठड़ा ने किया, जबकि धरने की अध्यक्षता सुमेर सिंह बड़दू नीरजा, पूर्व सरपंच दयाचंद सिधनवा, उमेद फरटिया, राजबाला व नीलम भूंगला ने की। सोमवार को किसान नेत्री एडवोकेट कविता आर्य के नेतृत्व में अनेक महिलाओं ने धरने में शिरकत की और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कविता ने कहा कि नारी शक्ति भी किसानों के संघर्ष में उनके साथ जुटने लगी है। लोहारू का किसानों का महापड़ाव एतिहासिक होगा और अंत में किसानों के संघर्ष की जीत होगी। इस मौके पर पूजा, शीला, शर्मिला, रोशनी रीना, माया, सुरजभान राहड़, मीरसिंह ओबरा, धनपत ओबरा, दलवीर चैहड़ कलां, रामपाल, जगदीश, नवीन, इंद्र सिंह फरटिया, मंजीत, नरेंद्र फरटिया, धर्मपाल फरटिया सहित सैंकड़ों किसान उपस्थित रहे।





# बाइक और ऑटो चालकों को यातायात नियमों की दी जानकारी

**चरखी दादरी।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सेक्रेटरी बलवान सिंह के मार्गदर्शन में जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें दादरी बस स्टैंड, पुराना अस्पताल, सरदार झाड़ू सिंह चौक, कॉलेज रोड ऑटो मार्केट, रेलवे स्टेशन, मेन बाजार इत्यादि स्थानों पर रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला प्रशिक्षण एवं प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रभारी चंद्र शेखर शर्मा ने दोपहिया वाहन एवं फोर व्हीलर चालकों को रोड रूल्स लाइफ टूल्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। जिला सोसाइटी के कंप्यूटर ऑपरेटर शंकर दयाल शर्मा के कहा कि ऑटो वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह एकाग्रता को भंग करता है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ाता है। साथ ही तेज गति से वाहन न चलाने, विशेष रूप से उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार रक्षक रोहतास शर्मा ने भी बताया की ट्रैफिक नियमों का पालन करने और यात्री की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखने का आह्वान किया गया।

## हरियाणा की संस्कृति सबसे समृद्ध है: कपूर सिंह वाल्मीकि

# सरकार महिलाओं के जीवन उत्थान के लिए प्रतिबद्ध

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने की जिला स्तरीय तीज महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता का मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के जीवन उत्थान के प्रति प्रतिबद्ध है। महिलाओं के कल्याण के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। उन्होंने महिलाओं से स्वरोजगार शुरू कर स्वावलंबी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिखा राणा ने जिला स्तरीय तीज महोत्सव में उपस्थित सभी मेहमानों और महिलाओं का अभिनंदन किया और जिला में स्वयं सहायता समूह द्वारा की जारी गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिला में 4500 स्वयं सहायता समूहों से 46 हजार 500 परिवारों की महिलाएं जुड़ी हुई हैं।



**भिवानी।** द्वीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करवाते मंत्री कृष्ण बेदी व विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि। *फोटो : हरिभूमि*

### मंत्री ने महिला सांस्कृतिक केंद्रों का उद्घाटन किया

बेदी सोमवार को पंचायत भवन में आयोजित जिला स्तरीय तीज महोत्सव को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान बवानी खेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि और भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, डीसी साहिल गुप्ता और सीईओ जिला परिषद अजय चोपड़ा भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने गांव मालवास देवसर, मालवास कोहाड़, बाबरवास, टीटानी, रूपगढ़, नवा, निनान और कलिंगा पाना राजू में नवनिर्मित महिला सांस्कृतिक केंद्रों का उद्घाटन किया, जिन पर करीब 80 लाख रुपए की लागत आई है। कैबिनेट मंत्री ने महिलाओं को शगुन के तौर पर प्रदेश सरकार की तरफ से कोथली भी भेंट की। उन्होंने कहा कि तीज महिलाओं का एक पावन और पवित्र पर्व है। यह उमंग और उत्साह का महीना है। पर्व हमारी संस्कृति को जीवित रखते हैं। उन्होंने कहा कि त्यौहारों पर महिलाएं मंगल गीत गाती हैं। उन्होंने कहा कि तीज के पर्व पर भाई अपनी बहन के घर कोथली लेकर जाता है जो कि भाई और बहन के पवित्र बंधन और प्यार का प्रतीक है। बहन अपने भाई के आने का इंतजार करती हैं।